UPS GURAULI, KAUSHAMBI

(OUR HAPPY PLACE OF LEARNING)

राजा ने एक दिन अपने मंत्री से कहा, "मुझे अपने लिए एक आदमी की जरूरत है। कोई तुम्हारी निगाह में जँचे तो लाना, पर इतना ध्यान रखना कि आदमी अच्छा हो।" बहुत दिनों की जाँच-पड़ताल के बाद मंत्री को एक युवक जँचा। उसने युवक की नौकरी छुड़ा दी और उन्नति का आश्वासन देकर राजा के सामने पेश किया। बहुत देर तक तो राजा को अपनी बात ही याद न आई, बाद में बोले, "हाँ, उस समय शायद कोई बात मन में थी, पर मैंने अब तो कोई बात नहीं की है।" मंत्री ने कहा, "हुजूर! मैंने इसे हजारों में से छाँटा है और बढ़िया नौकरी से छुड़ाकर लाया हूँ।" राजा ने ज़रा सोचकर कहा, "हमारे पास तो इस समय कोई काम नहीं है, पर तुम बहुत कह रहे हो, तो हम इसे अपने दफ्तर में चपरासी रख सकते हैं। वेतन पंद्रह रुपये मिलेगा।" मंत्री को बुरा लगा, पर उस युवक ने कहा, "मेरे लिए सबसे बड़ा वेतन यह है कि मुझे अपने राजा की सेवा करने का मौका मिलेगा।" यह कहकर वह उस नौकरी के लिए तैयार हो गया। मंत्री जब उसे दफ्तर में छोड़ने गया, तो वहाँ धूल थी, क्योंकि राजा वहाँ न कभी जाते थे और न काम करते थे। यह देखकर मंत्री दुखी हुआ, परन्तु वह युवक इतना होने पर भी खुश था। उसने अच्छा स्थान दिलाने के लिए मंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

सही उत्तर के ऊपर टच कीजिये

1. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(A) चिर महान (B) अपना स्थान स्वयं बनाइए (C) आप भले तो जग भला

2. किसने, किसकी नौकरी छुड़ा दी?

(A) राजा ने मंत्री की (B) युवक ने राजा की (C) मंत्री ने युवक की

LIVEWORKSHEETS

UPS GURAULI, KAUSHAMBI

(OUR HAPPY PLACE OF LEARNING)

3. राजा ने अपने मंत्री से एक दिन क्या कहा ?

(A) "मुझे अपने लिए एक अच्छे कुत्ते की जरूरत है".

(B) "मुझे अपने लिए एक अच्छे हाथी की जरूरत है".

(C) "मुझे अपने लिए एक अच्छे आदमी की जरूरत है".

4. निम्नलिखित शब्दों को उनके विलोम शब्दों से मिलान कीजिये :-

शब्द	विलोम शब्द
उन्नति	खराब
कृतज्ञ	दुखी
बेईमान	इमानदार
अच्छा	अवनति
बढ़िया	कृतघ्न
खुश	बुरा

5. निम्नलिखित शब्दों को उनके समानार्थी (पर्यायवाची) शब्दों से मिलान कीजिये:-

शब्द	समानार्थी शब्द
राजा	कार्य
खुश	नज़र
काम	सम्राट
बुरा	तनख्वाह
वेतन	आनंदित
निगाह	खराब

LIVEWORKSHEETS

UPS GURAULI, KAUSHAMBI

(OUR HAPPY PLACE OF LEARNING)

6. सत्य/ असत्य बताएं:-

(A) राजा भुल्लक्कड़ था सत्य असत्य

(B) युवक को चपरासी की नौकरी मिलने पर मंत्री दुखी हुआ. सत्य असत्य

(C) युवक को पन्द्रह सौ रुपये के वेतन पर रखा गया. सत्य असत्य

(D) युवक ने चपरासी की नौकरी पाने पर मंत्री का उपकार माना. सत्य असत्य

7. चपरासी की नौकरी पा कर भी युवक खुश था क्योंकि:-

(A) उसे राज दरबार में खूब पैसा कमाने का मौका मिलेगा.

(B) उसे अपने राजा की सेवा करने का मौका मिलेगा

(C) उसे सेनापति बनने का मौका मिलेगा.

अब सबसे नीचे दिए गए Finish!! बटन पर क्लिक करके अपना स्कोर जाने

A winning moment at Sankul Level Sports Event

LIVEWORKSHEETS